भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2557

मंगलवार, 04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तिरुचिरापल्ली में व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना

2557. श्री दुरई वाइको:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले की औद्योगिक और निर्यात क्षमता का कोई आकलन किया है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान जिले में व्यापार, वाणिज्य, निर्यात, एमएसएमई और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई केंद्र सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली में नए औद्योगिक संकुलों, निर्यात संवर्धन सुविधाओं, संभारतंत्र अवसंरचना, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), या स्टार्टअप इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली को एक प्रमुख औद्योगिक, इंजीनियरिंग और निर्यात हब के रूप में सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा आगे क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): तमिलनाडु सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जिला उद्योग केंद्र, तिरुचिरापल्ली के माध्यम से जिले की औद्योगिक और निर्यात क्षमता का सतत आधार पर आकलन किया जाता है। जिला निर्यात कार्य योजना, जिलाधीश की अध्यक्षता वाली जिला निर्यात संवर्धन समिति द्वारा तैयार और कार्यान्वित की जाती है।

इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने संसूचित किया है कि निर्यात हब के रूप में जिला (डीईएच) पहल के तहत, तिरुचिरापल्ली जिले की पहचान कृषि खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा उपकरण, कृत्रिम आभूषण, विंडमिल के घटकों और केले के उत्पादों के निर्यात क्षमता के रूप में की गई है। साथ ही, जमीनी स्तर पर निर्यात वृद्धि को सुविधाजनक बनाने और संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए, दो स्तर पर एक संस्थागत फ्रेमवर्क स्थापित किया गया है: राज्य स्तर पर राज्य निर्यात संवर्धन समितियां (एसईपीसी) और जिला स्तर पर जिला निर्यात संवर्धन समितियां (डीईपीसी)।

(ख): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सूक्ष्म और लघु उद्यमों की प्रतिपर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) और अवसंरचना विकास परियोजना की संस्थापना के लिए - सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) स्कीम शुरू की गई है। जिला तिरुचिरापल्ली में एमएसई-सीडीपी के तहत सीएफसी परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

क्रम सं.	**परियोजना का नाम**
1.	प्रिंटिंग क्लस्टर में सीएफसी, थुरवियूर, तिरुचिरापल्ली
2.	स्वर्ण आभूषण क्लस्टर में सीएफसी, त्रिची, त्रिचिरापल्ली

भारत सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत औद्योगिक समूहों में गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना के माध्यम से औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए वर्ष 2003 में औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (आईआईयूएस) भी शुरू की गई है। इस स्कीम को वर्ष 2013 में संशोधित कर औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (एमआईआईयूएस) के रूप में और सुव्यवस्थित बनाया गया है। एमआईआईयूएस ने मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं में अवसंरचना उन्नयन की सहायता की है। इस स्कीम के तहत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

क्रम सं.	**स्कीम का नाम**	**परियोजना का नाम और अनुमोदन की तारीख**	**राज्य**	**परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)**
1.	आरआईआईयूएस	तिरुचिरापल्ली इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्लस्टर अक्टूबर 2010	तमिलनाडु	87.93

(ग) और (घ): तमिलनाडु सरकार ने शुरू किए गए प्रस्तावों की सूचना नीचे दी है:

i. तिरुचिरापल्ली जिले के तिरुवरुम्बुर में नया एसआईपीसीओटी औद्योगिक पार्क।

ii. जिले में मौजूदा एसआईपीसीओटी और सिडको औद्योगिक संपदा।

iii. वैश्विक क्षमता केंद्र और आईटी अवसंरचना। ईएलसीओटी तिरुचिरापल्ली में एक आईटी एसईजेड संचालित करता है, जबकि टाइडेल पार्क लिमिटेड ने आईटी और जीसीसी संचालन के लिए तैयार-निर्मित स्थल का विकास किया है।

iv. स्टार्टअप इन्क्यूबेशन केंद्र - स्टार्टअप टीएन जिले में इन्क्यूबेशन, मेंटरिंग और सीड सहायता प्रदान करता है, जिसमें एनआईटी तिरुचिरापल्ली और आईआईएम तिरुचिरापल्ली में संस्थागत इन्क्यूबेटर भी काम कर रहे हैं।

(ङ): तमिलनाडु सरकार ने, तमिलनाडु में औद्योगिक, इंजीनियरिंग और निर्यात केंद्र के रूप में तिरुचिरापल्ली को सुदृढ़ बनाने के लिए उठाए गए निम्नलिखित कदमों की सूचना दी है:

i. सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों के लिए तैयार अवसंरचना और समर्पित भूखण्ड सहित इंजिनियरिंग, रक्षा सहायक और सामान्य विनिर्माण पार्क के रूप में थिरुवेरुम्बुर में एसआईपीसीओटी औद्योगिक पार्क का कार्य पूरा होना और उसकी शुरुआत करना।

ii. उच्च-मूल्य सेवा रोजगार में जिले के तकनीकी प्रतिभा पूल परिवर्तन करने के लिए प्रस्तावित टाइडेल सुविधा के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी और वैश्विक क्षमता केंद्र की अवसंचना का विस्तार करना।

iii. जिला निर्यात कार्य योजना के पूर्ण कार्यान्वयन के माध्यम से निर्यात सुविधा को मजबूत करना।

iv. ग्लोबल इन्वस्टर्स मीट और क्षेत्र-विशिष्ट निवेश आउटरीज में तिरुचिरापल्ली प्रदर्शनी से गाइडेंस तमिलनाडु द्वारा निरंतर निवेश संवर्धन करना।

*****